उत्तम इंस्टीट्यूट बना आईआईटी बांबे का नालेज सेंटर

आगरा(ब्यूरो)। रूनकता स्थित उत्तम इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज को आईआईटी बाम्बे ने शनिवार को नालेज सेंटर बनाने का निर्णय लिया। यह आगरा मंडल का इकलौता सेंटर होगा। पिछले वर्ष आईआईटी बाम्बे के रिसोर्स सेंटर के रूप में उत्कृष्ठ नतीजे देने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय के 'टाक टू ए टीचर' प्रोजेक्ट के तहत प्रौद्योगिकी के विभिन्न कोर्स चलाए जाएंगे। आईआईटी बाम्बे के इस प्रोजेक्ट से शुरू से जुड़े रहे स्टडीज के वरिष्ठ प्रवक्ता आदित्य कुमार को आगरा मंडल के लिए इसका रिसोर्स पर्सन नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि के लिए समूह के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह, धीरज सिंह तथा समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।